भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.07.2022

आरेडिका में मनाया गया वन महोत्सव

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 05.07.2022 को ज्ञानदा बाल मंदिर में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हरविंदर कलसी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया।

ज्ञात हो कि हर वर्ष जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें वृक्षारोपण कर लोंगों को वृक्षों के प्रति जागरूक किया जाता है। राष्ट्रीय वन नीति 1988 के अनुसार देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 33 प्रतिशत क्षेत्र पर वन होने चाहिए, लेकिन भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार देश में लगभग 22 प्रतिशत क्षेत्र पर ही वन हैं जो राष्ट्रीय मानक से काफी कम है। इस कमी को पूरा करना ही इसका उद्देश्य है। वन महोत्सव मनाने के लिए जुलाई माह को इसलिए चुना गया क्योंकि यह महीना वातावरण में पर्याप्त नमी होने के कारण पेड़–पौधों के पनपने के लिए उपयुक्त होता है।

उल्लेखनीय है कि आरेडिका को हरा–भरा और सुन्दर बनाने के लिए हर वर्ष हजारों की संख्या में पेड़–पौधे लगाए जाते हैं

इस अवसर पर आरेडिका के महिला कल्याण संगठन की सदस्या श्रीमती ऊषारानी, श्रीमती सुषमा पाण्डेय, श्रीमती विजया श्रीवास्तव, श्रीमती अनुपमा कपूर, ज्ञानदा बाल मंदिर की प्रधानाचार्या एवं अध्यापिकाऐं और कर्मचारी वृक्षारोपण कर सहभागी बने ।

05/7/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी